संपादकीय

रास्ते और भी हैं

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को देश भर में उग्र विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शुरुआत पूर्वोत्तर के राज्यों से हुई और धीरे-धीरे यह दिल्ली, मुंबई, अलीगढ़, लखनऊ, पटना और बेंगलुरु तक फैल गया। पूर्वोत्तर राज्यों में इसे लेकर लोगों में इस कदर गुस्सा है कि कर्फ्यू के बाद भी भीड़ सड़कों पर उतरी हुई है। उन राज्यों और साथ ही पश्चिम बंगाल के भी कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। कई विश्वविद्यालयों के छात्रों को इस कानून ने बहुत बेचैन किया है। इसके विरोध में वे सड़क पर उतर आए हैं और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस क्रम में कई जगहों पर बसें जलाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं भी हुई हैं।

दिल्ली में जामिया मिलिया के छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ बर्बरता की है। वह जामिया परिसर में घुस आई और छात्रों को बेवजह पीटा। पिटाई से कई छात्र घायल हुए हैं। विश्वविद्यालय 5 जनवरी तक बंद कर दिया गया है और स्टूडेंट्स अपने घर जाने लगे हैं। दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि कुछ शरारती तत्वों को खदेड़ते हुए वह परिसर में घुसने को मजबूर हुई। वहां छात्रों ने उस पर हमले किए और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच राजधानी के आम लोग हकीकत को लेकर उलझन में हैं। एक तरह की अनिश्चितता और असुरक्षा पूरे देश में दिखाई पड़ रही है। यहां तक कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी कहना पड़ा है कि इस मामले में जुडिशरी तभी कुछ कर सकती है जब हिंसा, आगजनी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां खत्म हों।

समझने की जरूरत है कि नागरिकता कानून संसद से पारित हुआ है, जो देश की प्रतिनिधि संस्था है। इसके पीछे सरकार की अपनी सोच है, जिससे असहमत होने का अधिकार हर किसी को है। भारतीय लोकतंत्र में असहमति जताने के तरीकों की कोई कमी नहीं है। इस कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, जिसने कई कानूनों को पहले भी रोका है और उनमें संशोधन कराया है। ऐसे में अगर कोई कहता है कि नागरिकता संशोधन कानून का विरोध सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के जरिये ही किया जा सकता है तो उसकी बात पर कान नहीं देना चाहिए। पुलिस की तरफ से अगर पर्याप्त एहतियात बरता जाए, तब भी इस तरह के विरोध को हिंसक होते देर नहीं लगती।

इससे जान-माल का नुकसान तो होता ही है, रोजमर्रा का कामकाज भी पटरी से उतर जाता है, जिसका सबसे बड़ा घाटा सबसे कमजोर लोगों को उठाना पड़ता है। मुद्दा भटक जाता है, सो अलग। इस खास मामले में हिंसा की तस्वीरों का सांप्रदायिक उपयोग बहुत आसान है, लिहाजा अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए। इस कानून से असहमत हर व्यक्ति यह जान ले कि अपनी चिंता में वह अकेला नहीं है। कई विपक्षी दलों ने भी खुलकर इस पर सवाल उठाए हैं। यह लोकतांत्रिक विमर्श का मुद्दा बने, इसके लिए पहली जिम्मेदारी उन्हीं की बनती है कि वे लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करें।

कैरी बैग के लिए 13 रुपये वसूलना डोमिनोज को पड़ा मंहगा, कोर्ट ने ठोका 10 लाख जुर्माना

नईदिल्ली (आरएनएस)। डोमिनोज को कैरी बैग के लिए 13 रुपये चार्ज करना भारी पड़ा है। कोर्ट ने डोमिनोज पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इससे पहले भी कंपनी पर जुर्माना लग चुका है। डोमिनोज ने चंडीगढ़ के वकील पंकज से वर्ष 2018 में कैरी बैग के लिए पैसे लिए थे। डोमिनोज ने कंज्यूमर कोर्ट के फैसले को स्टेट कमिशन में चुनौती दी थी। पहले भी डोमिनोज पर एक मामले में जुर्माना हुआ था। अब दोनों मामलों में उसपर कुल 10 लाख रुपये का जुर्माना हुआ है।

कमिशन ने डोमिनोज को चार लाख 90 हजार रुपए पीजीआई के पेशेंट वेलफेयर फंड में देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 10 हजार रुपए कमिशन को देने के साथ-साथ शिकायतकर्ता को 1500 रुपए देने के भी निर्देश दिए। स्टेट कमीशन ने दो मामलों में अलग-अलग ये आदेश जारी किए हैं। इस तरह डोमिनोज कंपनी पर कुल दस लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस पर कंपनी ने अपने पक्ष में दलील दी कि वो पिज्जा को पहले से कार्डबोर्ड के बॉक्स में पैक कर उपभोक्ता (ग्राहक) को देते हैं। ऐसे में वो किसी को कैरीबैग देने के लिए उत्तरदायी नहीं है।

स्टेट कमीशन ने डोमिनोज की इस दलील को नहीं माना। बता दें कि जूते-चप्पल-सैंडल बनाने वाली मशहूर कंपनी बाटा को एक ग्राहक से कैरी बैग के लिए 3 रुपये वसूलना बहुत महंगा पड़ा था। चंडीगढ़ की उपभोक्ता अदालत ने बाटा इंडिया लिमिटेड को 9,000 रुपये का जुर्माना चुकाने के लिए कहा था। बाटा इंडिया ने कस्टमर को जूतो का बॉक्स रखने के लिए 3 रुपये चार्ज किए थे जिस पर उपभोक्ता अदालत ने 9000 रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा अदालत ने कंपनी को सभी ग्राहकों को कैरी बैग मुफ्त देने का आदेश दिया है।

अंडर-17 फुटबॉल: थाइलैंड को हराकर भारतीय महिला टीम फाइनल में, अब स्वीडन से मुकाबला

मुंबई। भारतीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम ने तीन देशों के फुटबॉल टूर्नमेंट के तीसरे और अंतिम लीग मैच में थाइलैंड को 1-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम फाइनल में पहुंच गई जहां उसका मुकाबला गुरुवार को स्वीडन से होगा।

स्वीडन ने टूर्नमेंट के पहले लीग मैच में भारत को 3-0 से हराया था। स्वीडन ने थाइलैंड को 3-1 से मात दी थी। फाइनल में पहुंचने के लिए थाइलैंड टीम को बस ड्रॉ खेलने की जरूरत थी।

दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले मिनट में उसकी गोलकीपर प्वारिसा भारतीय खिलाड़ी के हवाई शॉट को ठीक से कलेक्ट नहीं कर सकीं और गेंद उनके हाथ से छिटककर थाइलैंड टीम के गोलपोस्ट के भीतर चली गई

देशभर के छोटे कारोबारियों से संवाद करेगा जेम

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश भर के छोटे कारोबारियों को गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम- जेम) से जोड़ने के लिए 'जेम संवाद' शुरू किया जा रहा है जो 19 दिसंबर 2019 से 17 फरवरी 2020 तक चलेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में सचिव और जेम के अध्यक्ष अनूप वधावन ने मंगलवार को यहां इसकी औपचारिक शुरुआत की। जेम संवाद कार्यक्रम लगभग एक महीना चलेगा और प्रत्येक राज्य और संघ शासित क्षेत्र में कम से कम एक संवाद आयोजित किया जाएगा। इसमें स्थानीय उत्पादकों और कारोबारियों को जेम से जोड़ा जाएगा और उनकी विशेष जरुरतों और खरीददारों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। जेम पर फिलहाल 15 लाख से ज्यादा उत्पाद और 20 हजार से ज्यादा सेवायें प्रदर्शित है। इस पर तीन लाख से ज्यादा विनिर्माता तथा सेवा प्रदाता और 40 हजार से अधिक सरकारी खरीद विभाग मौजूद हैं। महज तीन साल के दौरान जेम पर 40 हजार करोड़ रुपए के 28 ऑर्डर मिले हैं।

6 दिनों की गिरावट के बाद पेट्रोल के दाम स्थिर

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में लगातार छह दिनों से जारी गिरावट के बाद बुधवार को कोई बदलाव नहीं हुआ। डीजल की कीमत में भी लगातार नौवें दिन स्थिरता बनी रही। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम पूर्ववत क्रमशः 74.63 रुपये, 77.29 रुपये, 80.29 रुपये और 77.58 रुपये प्रति लीटर बना हुआ है। चारों महानगरों में डीजल की कीमत पूर्ववत क्रमशः 66.04 रुपये, 68.45 रुपये, 69.27 रुपये और 69.81 रुपये प्रति लीटर पर बनी हुई है।

साइरस मिस्त्री को दोबारा चेयरमैन बनाने का आदेश

» टाटा संस को एनसीएलएटी का झटका

नईदिल्ली (आरएनएस)। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया है कि साइरस मिस्त्री को टाटा संस के एग्जिक्युटिव चेयरमैन के पद पर बहाल किया जाए। आदेश के मुताबिक मिस्त्री फिर से नियुक्त किए जाएं।ट्रिब्यूनल ने एन. चंद्रशेखरन की इस पद पर नियुक्ति को गैरकानूनी बताया। हालांकि, न्यायाधिकरण ने कहा कि बहाली आदेश चार सप्ताह बाद अमल में आएगा। टाटा संस को अपील करने के लिए यह समय दिया गया है। यह साइरस मिस्त्री के लिए यह एक बड़ी जीत है। वह तीन साल के बाद फिर से टाटा संस के चेयरमैन बनेंगे।

चंद्रशेखरन फरवरी 2017 में चेयरमैन बने थे। एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अपील के लिए टाटा संस ने 4 सप्ताह का वक्त मांगा। एनसीएलएटी ने इसकी मंजूरी दे दी। इससे पहले मिस्त्री ने अपनी बर्खास्तगी को एनसीएलटी में चुनौती दी थी, जहां उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। एनसीएलटी की मुंबई पीठ के नौ जुलाई के आदेश के विरुद्ध अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष एक याचिका दाखिल की गई। दरअसल टाटा ग्रुप ने कहा था कि साइरस मिस्त्री को इसलिए निकाला गया क्योंकि बोर्ड उनके प्रति विश्वास खो चुका था। ग्रुप ने आरोप लगाया था कि मिस्त्री ने जानबूझकर और कंपनी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से संवेदनशील जानकारी लीक की. इसकी वजह से ग्रुप की मार्केट वैल्यू में बड़ा नुकसान हुआ।

क्लियरटैक्स को मिला जीएसटी सुविधा प्रदाता लाइसेंस

नईदिल्ली (आरएनएस)। टैक्स और निवेश प्लेटफार्म क्लियरटैक्स को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तकनीकी ढांचे के कार्यान्वयन का प्रबंधन करने वाले जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने जीएसटी सुविधा प्रदाता (जीएसपी) के लिए लाइसेंस प्रदान किया है। कंपनी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि नई जीएसटी व्यवस्था में करदाताओं को जीएसटी अनुपालना के लिए आवश्यक सेवाएं देने के वास्ते वित्तीय और आईटी क्षमता का मूल्यांकन के बाद उसे यह लाइसेंस दिया गया है। जीएसपी चालान अपलोड करने और रिटर्न दाखिल करने के लिए एपीआई

तक पहुंच प्रदान कर करदाताओं को जीएसटी और ई-वे बिल नेटवर्क की सुविधा दिलाता है।

क्लियरटैक्स अभी 6 लाख व्यवसायों, 1000 से अधिक बड़े उद्यमों और 60 हजार चार्टर्ड अकांउटेंटों को जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में मदद कर रहा है। जीएसपी लाइसेंस क्लियरटैक्स प्लेटफॉर्म को इन-हाउस टेक्नोलॉजी को मजबूत बनायेगा। इसके अलावा क्लियरटैक्स व्यवसाय को रिटर्न दाखिल करने के लिए इंटेलिजेंट एपीआई की सुविधा देने की योजना पर काम रहा है।

क्लियरटैक्स के संस्थापक एंव मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चित गुप्ता ने कहा कि वर्तमान एप्लिकेशन सर्विस प्रोवाइडर (एएसपी) के कारोबार में जीएसपी लाइसेंस जुड़ने को लेकर बेहद खुश हैं। इससे कंपनी के भविष्य के विकास के लिए खुद को बेहतर तरीके से तैयार करने में मदद मिलेगी।

बढ़ती उम्र में खाएं एवाकाडो, मोटापा रहेगा दूर

क्या आपने कभी एवाकाडो खाया है? ये फल कई गुणों से भरपूर होता है. इसको सुपरफूड कहा जाता है. इस फल में आम फलों की अपेक्षा शुगर की मात्रा भी काफी कम होती है. इसके अलावा इसमें फाइबर और मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व जोकि बॉडी के समुचित विकास के लिए बेहद जरूरी होता है पाए जाते हैं. क्या आप जानते हैं कि फल बढ़ती उम्र में भी कई समस्याओं से निजात दिलाता है. आइए जानते हैं...

अधेड़ उम्र में अक्सर लोगों का वजन बढ़ जाता है जिससे कई बीमारियां हो सकती हैं. इस उम्र में मोटापे को दूर करने के लिए एवाकाडो फल का सेवन करना चाहिए. एक हालिया शोध के अनुसार रोज एक एवाकाडो का सेवन करने से अधेड़ उम्र में वजन बढ़ने या मोटापे की चपेट में आने की आशंका कम होती है. शोधकर्ताओं ने 30 साल की उम्र के 55,000 पुरुषों और महिलाओं के डाटा का विश्लेषण किया. इन प्रतिभागियों से सवाल किया गया कि वो रोज कितने एवाकाडो खाते थे. उन्होंने शोध की शुरुआत में, बीच में और अंत में वजन भी लिया गया. सामान्य वजन वाले जिन प्रतिभागियों ने रोजाना आधे फल का सेवन किया, उनमें अधेड़ उम्र के होने पर मोटापे का खतरा 15 फीसदी तक कम पाया गया. लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने जर्नल न्यूट्रिएंट्स में लिखा कि यह फल वजन बढ़ने से रोकने में मदद करता है. गर्भवती महिलाओं के लिए भी ये काफी फायदेमंद होता है.

आज का राशिफल

मेषः- आज षष्ठम शत्रु भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सांय 5 बजे तक कोई खास डील निश्चित होने की संभावना है।

वृषभः- आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

मिथुनः- आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और कलात्मक काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।

कर्कः- आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंहः- आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

कन्याः- आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम और सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिकः- आर्थिक हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

धनुः- आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की उम्मीद है।

मकरः- आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः- आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

मीनः- आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

ऐक्ट्रेस बनने से पहले यहां नौकरी करती थीं कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्ममेकर्स के बीच डिमांड में हैं। फिल्म कबीर सिंह में उनकी शानदार ऐक्टिंग देखने के बाद ऐक्ट्रेस के पास ऑफर्स की भरमार हो गई है। वैसे क्या आपको पता है कि बीटाउन में एंट्री करने से पहले कियारा क्या काम किया करती थीं? रिपोर्ट्स की मानें तो कियारा ने खुद एक इंटरव्यू में अपने पहले जॉब के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह ऐक्ट्रेस बनने से पहले अपनी मां के प्री-स्कूल में काम किया करती थीं।

कियारा स्कूल में अन्य टीचर्स की तरह बच्चों के साथ खेलती थीं, उन्हें कविताएं और शब्द आदि सिखाती थीं साथ ही में जरूरत पड़ने पर उनके डायपर्स तक बदलती थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो कियारा को बच्चे बहुत पसंद हैं और उन्होंने जाहिर किया कि जब उनका खुद का बच्चा होगा तो वह काफी उत्साहित महसूस करेंगी।

बात करें कियारा के वर्कफ्रंट की तो वह जल्द ही फिल्म गुड न्यूज में नजर आएंगी जिसमें उनकी जोड़ी दिलजीत दोसांझ के साथ जमी है। मूवी में करीना कपूर और अक्षय कुमार भी हैं। इसके अलावा वह फिल्म लक्ष्मी बम, इंदू की जवानी, भूल भुलैया 2 के साथ ही रणबीर कपूर के साथ एक मूवी में दिखेंगी।

सुष्मिता सेन के साथ काम करना मजेदार था : बरखा सिंह

हाउस अरेस्ट स्टार बरखा सिंह के लिए सुष्मिता सेन के साथ काम करने का अनुभव बहुत मजेदार रहा था। वहीं उनका कहना है कि वह चॉकलेट की वजह से अभिनेत्री से काफी जुड़ गई थी। नेटफ्लिक्स के नए चैट शो द ब्रांड न्यू शो में बरखा को सुष्मिता के साथ शूटिंग के दिनों की याद तब आ गई, जब शो के मेजबान कनन गिल ने बताया कि उन्हें साल 2003 में आई बरखा की फिल्म समय : वेन द टाइम स्ट्राइक्स काफी पसंद आई थी।

इस पर बरखा ने कहा, फिल्म में सुष्मिता मुझे मिट्ठू कह कर बुलाती थी। फिल्म की शूटिंग के दौरान मैं काफी छोटी थी और मेरे पास पूछने के लिए ढेर सारे सवाल तैयार रहते थे। मेरी मुलाकात सुष्मिता सेन से हुई और फिल्म की शूटिंग में मुझे बहुत मजा आता था। उन्हें और मुझे, दोनों को चॉकलेट बहुत पसंद है, इसलिए हम हर टेक के बाद, चाहे वह टेक बुरा हो या अच्छा हो, हमें हमेशा चॉकलेट मिलता था।

जानिए अनारदाना रायता बनाने की विधि

आवश्यक सामग्री

2 कप दही
1 कप अनारदाना
1/4 काली मिर्च पाउडर
2 चुटकी लाल मिर्च पाउडर
1/2 भुना हुआ जीरा पाउडर
1/2 चार्ट मसाला पाउडर
चीनी स्वाद अनुसार
2 चुटकी कला नमक या सफ़ेद नमक
धनिया पत्ता ,पुदीना पत्ता

बनाने की विधि

सबसे पहले दही को किसी कटोरे में लेकर उसे अच्छी तरह से मिलाये।

फिर उसमे चीनी,नमकऔर सारी पाउडरों को डाल दे ।

और उसे अच्छी तरह से मिलाये ।

फिर उसमे अनार के दाने को डालकर मिला दे ।

और अब उसमे धनिया पत्ता और पुदीना के पत्तो को काटकर डाल दे ।

और अब उसे किशी और कटड़े में निकालकर पड़ोसे ।

शब्द सामर्थ्य- 78

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 77 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	धा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू-दोकू- 78

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 77 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4